6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण
महानगर वर्ष 57 | अंक 246 | पृष्ठ : 22+10 | मूल्य : सात रुपये
# अमर उजाला
शारदीय नवरात्र आज से...मां शैलपुत्री ...अपना शहर
बरेली | सोमवार, 22 सितंबर 2025 आश्विन शुक्ल-प्रतिपदा • विक्रम संवत-

PAGE NO. 8: BOTTOM

उत्साह

### अंशुमन कश्यप को मैन ऑफ द मैच और विजय गंगवार को चुना मैच चैंजर

# एसआरएमएस ने चौधरी क्रिकेट अकादमी को हराया

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। रवींद्रनाथ टैगोर क्रिकेट अकादमी की ओर से अकादमी में आयोजित रवींद्रनाथ टैगोर अंडर-16 क्रिकेट लीग का सोमवार को आगाज हुआ। एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी और चौधरी क्रिकेट अकादमी के बीच पहला मुकाबला खेला गया।

एसआरएमएस ने चौधरी क्रिकेट अकादमी को पांच विकेट से पराजित कर जीत अपने नाम की। विजय गंगवार ने 37 रनों की नाबाद पारी खेलकर टीम की जीत में अहम योगदान दिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चौधरी क्रिकेट अकादमी निर्धारित 30 ओवरों में 111 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से इन्जमाम ने एक छक्के की मदद से 26 रन बनाए। अभिनव ने 22 और विमल ने 29 रनों का योगदान दिया। एसआरएमएस के गेंदबाज अंशुमन कश्यप ने पांच विकेट चटकाए। उनके साथी गेंदबाज लाखन ने तीन विकेट झटके।

एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी ने 25.3 ओवरों में पांच विकेट लेकर 112 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। चौधरी क्रिकेट अकादमी की ओर से इन्जमाम और अभिनव ने दो-दो विकेट लिए।

इससे पहले टूर्नामेंट का उद्घाटन बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना ने किया।

## अंडर-17 व 19 वर्ग में बालिकाओं ने खूब लगाए चौके-छक्के

बरेली। स्पोर्ट्स फॉर स्कूल कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में बालिका वर्ग अंडर-17 व 19 वर्ग में जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें राजकीय बालिका इंटर कॉलेज व किशोर कन्या इंटर कॉलेज फरीदपुर की टीमों ने प्रतिभाग किया। अंडर-17 टीम में जीजीआईसी की शिवा यादव, तनिष्का हिंद, रोशनी राठौर, नूतन, पीहू कश्यप, पलक मौर्य, ममता व किशोर कन्या इंटर कॉलेज से अनाया, पीहू सिंह, तेजस्वनी, लावन्या, रिया राठौर, दीपाली, लक्ष्मी, वंशिका, वैष्णो सिंह का टीम में चयन किया गया। वहीं अंडर-19 वर्ग में जीजीआईसी की साहिबा असलम, तूबा, मणि पटेल, अक्षिता सक्सेना, तनु मौर्य, नूर फातिमा, तितिक्षा खरे, पायल, अनुष्का मिश्रा, दिव्यांशी मिश्रा, गुलनाज, अक्षरा यादव, संजना, तनु, प्रियांशी मौर्य, खुशी रस्तोगी को टीम में शामिल किया गया। चयनित खिलाड़ी 26 सितंबर को पीलीभीत में होने वाली मंडलीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय की व्यायाम शिक्षक मधु मौर्य, शिप्रा, दीक्षा शर्मा, एकता शर्मा, नेहा बंसल, अमनजोत कौर आदि उपस्थित रहीं। संवाद